प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली से जारी करेंगे 109 उच्च उपज देने वाली और जलवायु अनुकूल फसलों की किस्में : किसानों और वैज्ञानिकों से करेंगे संवाद।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में जनसभा को किया संबोधित : कहा– रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या को मिली है दुनिया भर में पहचान।
3. मुरादाबाद से लखनऊ के लिए आज से शुरू हुई उड़ान सेवा : सप्ताह में तीन दिन मिलेगी फ्लाइट, 75 मिनट में पूरा होगा सफर।
4. प्रदेश में कल से 13 अगस्त तक भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता निकालेंगे तिरंगा यात्रा : हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों को करेंगे प्रेरित।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दिल्ली में किसानों के लिए 109 उच्च उपज देने वाली और जलवायु अनुकूल फसलों की किस्में जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे। प्रधानमंत्री 61 फसलों के लिए जो 109 किस्में जारी करेंगे, उनमें 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत

की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए जाएंगे। वहीं बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की जाएंगी।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के मिल्कीपुर में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में राम दरबार की नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा और स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज व स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की मूर्तियों का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने विद्यापीठ प्रांगण में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के मामले में चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की रक्षा करना हमारा दायित्व है। अयोध्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने से भगवान श्रीराम की नगरी को दुनिया भर में पहचान मिली है। दुनिया भर से राम भक्त दर्शन करने के लिए अयोध्या आ रहे हैं। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। आज अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, रायबरेली, गोंडा, बस्ती, काशी से फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। बाइट......

*अयोध्या में 500 वर्षों का वनवास समाप्त हुआ। पूज्य संतों की लम्बी साधना ओर संघर्ष आज अयोध्या धाम में प्रभु रामलला के विराजमान होने के*

*साथ वह मूर्त रूप ली है और दुनिया को अयोध्या की ओर आकर्षित की है और आज लखनऊ से अयोध्या के बीच में ही लखनऊ से प्रयागराज के बीच हो, अयोध्या से रायबरेली के बीच में हो, अयोध्या से गोण्डा के बीच में हो, अयोध्या से बस्ती का मार्ग हो, अयोध्या से काशी का मार्ग हो, ये सभी मार्ग फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़े चुके हैं, बाकी जो बचा है वह जुड़ने की प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ चुका है।*

मुख्यमंत्री ने काकोरी घटना की विस्तार से चर्चा करते हुए कॉलेज के छात्र–छात्राओं से आह्वान किया कि वे तिरंगा यात्राएं निकालकर घर–घर तिरंगा पहुंचाएं और अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं। कार्यक्रम में प्रमुख संत सहित जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

———————————

मुरादाबाद के भदासना हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए आज से उड़ान सेवा शुरू हो गई। एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने पहली उड़ान का स्वागत वॉटर कैनन सैल्यूट से किया। प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने 19 सीटर विमान को हरी झंडी दिखाकर सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रो सिंह ने कहा कि जिले से हवाई सेवा की शुरुआत विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुरादाबाद मंडल का कारोबार विश्व पटल पर और अधिक बढ़ेगा। साथ ही पीतल की चमक अब सोने जैसी दिखेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुरादाबाद से लखनऊ के

लिए मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को फ्लाइट सेवा मिलेगी। सुबह 9बजकर 35 मिनट पर मुरादाबाद से फ्लाइट टेक ऑफ करेगी और करीब 75 मिनट बाद सुबह 10बजकर 50 मिनट पर लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड करेगी। मुरादाबाद से लखनऊ का किराया प्रति व्यक्ति साढ़े तेरह सौ रुपए के करीब है। हवाई अड्डा प्राधिकरण के निदेशक अमरजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही मुरादाबाद से देहरादून और हिंडन के लिए विमान सेवा की शुरुआत होगी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मार्च 2024 को आजमगढ़ से इस हवाई अड्डे का वर्चुअल उद्घाटन किया था।

———————————

रक्षाबंधन पर इस बार भी 18 की रात से 19 अगस्त की रात तक निःशुल्क रोडवेज बसों की सेवाएं बहनों को उपलब्ध कराई जायेंगी। इसी क्रम में लखनऊ से छोटे–छोटे शहरों के बीच 200 से ज्यादा अतिरिक्त बसों के इंतजाम किये जायेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश जारो कर दिया है। इनमें कैसरबाग से सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, के लिये अतिरिक्त बसें चलेगी। चारबाग बस अड्डे से कानपुर, रायबरेली, मौरावां, फतेहपुर, अयोध्या, ऊंचाहार के लिये बसें उपलब्ध होंगी। वहीं आलमबाग बस अड्डे से

बनारस और प्रयागराज के लिये बसों के इंतजाम किये गये हैं।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

और अब समय है एक ब्रेक का जिंगल

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश की सभी विधानसभाओं में 11 अगस्त से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालेंगे। तिरंगा यात्रा में जिला और प्रदेश के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि तिरंगा यात्रा निकालने की योजना सभी जिलों में बन गयी है। इसके लिए युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों का प्रवास अलग–अलग जनपदों में तय हुआ है। भाजपा के

कार्यकर्ता 12 से 14 अगस्त तक स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारकों के आस–पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। साथ ही अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। इसके अलावा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा प्रत्येक जनपद में गोष्ठी का आयोजन करेगी और मौन जुलूस भी निकालेगी। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक बूथ के हर घर पर तिरंगा फहरे इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता घर–घर संपर्क कर लोगों को प्रेरित भी करेंगे।

————————

प्रदेश सरकार के उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज हापुड़ के बाबूगढ़ में राजकीय आलू अनुसंधान केन्द्र पर स्थापित किए गए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो का लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री न जनपद में संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति–पत्र और चेक वितरित किए। इस मौके पर राज्य मंत्री ने कहा कि इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो की स्थापना से जनपद के किसानों को अच्छी गुणवत्ता के रोग रहित बीज आसानी से मिल सकेंगे। हापुड़ में लगभग 4 हजार 300 हेक्टेयर में आलू की खेती होती है। ऐसे में इस सेंटर में किसानों की फसल की गुणवत्ता

और पैदावार बेहतर होगी, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

—————————

सावन के चौथे सोमवार को लेकर प्रदेश के मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं सड़कों पर कांवड़ियों की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। बदायूं में आज से 12 अगस्त तक सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि बदायूं के कछला गंगा घाट पर बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ के लिए आते हैं, जिसे देखते हुए यह फैसला लिया गया है। वहीं कांवडियों की भीड़ को देखते हुए आज दोपहर से अमरोहा में राष्ट्रीय राजमार्ग को वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग बंद किए जाने के कारण वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाला जा रहा है। इसके साथ ही जिले में सावन के प्रत्येक शनिवार और सोमवार को कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालयों में पहले ही विशेष अवकाश घोषित किया जा चुका है।

(समाप्त)